# शिक्षक मनीष मीना की हत्या से आक्रोशित मीना समाज के लोगों ने जाम लगाया

## आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग, एक करोड़ की आर्थिक सहायता का ज्ञापन सौंपा

**बूंदी** (निसं)। शहर के लंकागेट रोड पर सोमवार रात को एक ढाबे पर मामूली कहासुनी के मामले में हुई शिक्षक मनीष मीना की हत्या से आक्रोशित मीना समाज व ग्रामीण रात को ही सड़क पर उतर गये। उन्होंने कलेक्ट्रेट के बाहर पडाव डाल दिया और पूरी रात वहीं डटे रहे। मंगलवार सुबह जैसे जैसे लेगों को सूचना मिली वे प्रदर्शन में शामिल होते गए। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर रास्ता जाम कर दिया जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

बड़ी संख्या में शामिल प्रदर्शनकारी शिक्षक मनीष मीना को न्याय दो, हत्यारों को फांसी दी, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद आदि के नारे लगा रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक सहित थानाधिकारी व जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान कई बार वार्ता के प्रयास भी हुए लेकिन बात नहीं बन सकी। प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर कोबाहर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान शिक्षक मनीष मीना के शव का पोस्टमार्टम भी रूका रहा। पुलिस व आक्रोशित लोगों के बीच मामूली झड़पे भी हुई। दोपहर 2 बजे अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे जहां समाज के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।



बूंदी शहर के लंकागेट रोड पर कहासुनी के मामले में हुई शिक्षक मनीष मीना की हत्या से आक्रोशित मीना समाज व ग्रामीण रात को ही सड़क पर उतर गये।

ज्ञापन में गुतक शिक्षक के परिजनों को एक करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता देने और हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की गई। जिस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे तथा आर्थिक सहायता के लिए सरकार को पत्र भेजा जाएगा। इसके बाद लोगों ने जाम हटा दिया। दूसरी और शिक्षक मनीष मीना का पोस्टमार्टम गठित बोर्ड द्वारा किया गया। पोल्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।इस अवसर पर मीना समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जोधराज मीना, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंदीलाल मीना, रामेश्वर मीना लाडपुर, पूर्व जिला प्रमुख महावीर मीना, शिक्षक संघ पंचायत राज के जिला अध्यक्ष गोपाल मीणा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षक की शहर में सरेआम हत्या करने वालों के खिलाफ पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है वहीं समाज के लोगों ने पुलिस पर मामले में लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है परिवार का आरोप है कि पुलिस अगर समय पर पहुंच जाती तो शायद समाज का बेटा बच सकता था। अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हुई है। उसे समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया गया न ही उसे समय पर इलाज मिला। समाज के लोगों का आरोप है की पूरा पुलिस प्रशासन लोकसभा अध्यक्ष के कार्यक्रम में व्यस्त था वहीं पीछे से आरोपी खुलेआम बेखोफ इस घटना को अंजाम दे रहे थे।

विधायक हरिमोहन शर्मा भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन को आड़े हाथो लिगा। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है। यदि पुलिस सक्रिय रहती तो आरोपी रात को ही गिरफ्तार हो जाते। उन्होंने मृतक के आश्रितों को एक करोड़ रूपये की राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलवाने और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की बात कही। शर्मा ने कहा कि जिले में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ रही है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

■ हिंडोली विधायक ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए

हिंडोली विधायक पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने भी मामले को लेकर दुख व्यक्त किया है तथा इसे पुलिस प्रशासन की विफलता माना है। विधायक चांदना ने कहा कि सरेआम एक शिक्षक की हत्या हो जाना बूंदी में कानून व्यवस्था की पोल खोल रही है।उन्होंने बूंदी पुलिस से आग्रह किया कि मामले में संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार के साथ न्याय करें जिससे आमजन में विश्वाश कायम हो सके वहीं शिक्षक संघ ने भी शिक्षक की हत्या को लेकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग का जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपा है।

## गुंजल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**कोटा,** (निसं)। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नगरीय निकायों में निकायवार रिक्त सफाई कर्मचारियों के पदों की सीधी में अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त को अव्यावहारिक बताया। गुंजल ने कहा कि भर्ती हेतु जारी परिपत्र में सफाई कर्मचारी हेतु नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका में ही काम करने का जो अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है वह अव्यावहारिक है। उन्होने कहा कि वाल्मीकि समाज के हजारों लोगों में कितने लोगों को नगरीय निकायों में संविदा, निविदा पर काम पर लिया जाता है। साथ ही झाड़ू लगाने जैसे काम के लिए यह कहां तक व्यवहारिक है की नगरीय निकायों का ही अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा। गुंजल ने कहा कि वाल्मीकि समाज के गरीब लोग अन्य राजकीय विभागों में संविदा पर, निजी अस्पतालों, होटलो, दुकानों, मेसो यहां तक की गरीब अपनी आजीविका चलाने के लिए 20-20 घरों में 300 रुपए महीने में शौचालय साफ करने तक का काम करते हैं। गुंजल ने मांग की कि इस भर्ती में सफाई कर्मचारियों का नगरीय निकायों के अलावा अन्य राजकीय विभागों, अस्पतालों, होटलो, दुकानों, मेसो सहित निजी घरों का भी अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होना चाहिऐं अथवा इस अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त को अविलंभ हटाया जाना चाहिए साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसमें वाल्मीकि समाज के लोगों की ही अधिक से अधिक भर्ती हो। मुख्यमंत्री वाल्मीकि समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त पर पुन: विचार करे व उचित निर्णय होने तक आवदेन की अंतिम तिथि को निर्णय होने के एक सप्ताह बाद तक आगे बढ़ाये।

## कोटा कोचिंग हब पर मंचन

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब, कोटा में शहर के प्रबुद्धजनों के द्वारा कोटा की बिगड़ती अर्थव्यवस्था पर मंगलवार को मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें संस्थापक अध्यक्ष, एसएसआई एसोसियेशन, गोविंदराम मित्तल, अध्यक्ष व्यापार महासंघ क्रांति जैन, भामाशाहमण्डी अध्यक्ष अविनाश राठी, सचिव एसएसआई एसोसियेशन अनिष माहेश्वरी, रोटरी क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आईएमए डॉ. अशोक शारदा, अध्यक्ष बार एसोसियेशन, एडवोकेट मनोज पुरी, संयोजक नागरिक मंच नरेश जैन उपस्थित हुये।

सभी प्रबुद्धजनों ने कोटा में कोचिंग के माहौल व अर्थव्यवस्था को सुधारने हेतु अपने अपने सुझाव दिये। 1990 से कोटा में कोचिंग का माहौल बना और धीरे-धीरे इसे 'एजुकेशन हब' के रूप में पहचान मिली। आईआईटी और मेडिकल कोचिंग में कोटा के संस्थानों ने राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की। शिक्षा का बेहतर माहौल और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग ने इसे छात्रों के लिए आकर्षक बनाया। संयोजक नागरिक मंच नरेश जैन ने बताया कि 1989 से कोचिंग प्रारम्भ हुई किस तरह सबका सहयोग मिला। अखबारों व सभी पब्लिकेशन, नागरिकों व कोचिंग के सहयोग से कोटा कोचिंग हब बना। प्रारम्भ में कोटा कोचिंग को हब बनाने में मेहनत की गई। उसी प्रकार वापस हमें कोटा कोचिंग को हब बनाने में मेहनत करनी पड़ेगी। जो माहौल, प्रतिस्पर्धा व सभी विषय की फैकल्टी एक शहर में है वह भारत के किसी अन्य शहर में नहीं मिलेगी। हमें वापस उसी प्रकार मेहनत करनी पड़ेगी।

मीटिंग में गोविंदराम मित्तल ने कहा कि कोटा की तारीफ हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी की गई है और कहा कि कोटा से जो इंजिनियर व मेडिकल के बनाने वाले शहर से हमारे लोकसभा अध्यक्ष आये है। इनका अनुभव देश के काम आयेगा। अध्यक्ष व्यापार महासंघ क्रांति जैन ने कहा कि जब जब कोटा पर संकट आया है हमने समस्या का समाधान किया है। अविनाश राठी ने कहा कि जो भी बच्चे कोचिंग में आते है उनको मेहमान के रूप में हम सब माने ऐसा हमारा कर्तव्य है जिससे कोटा में उनको बेहतर माहौल मिले। अनुज माहेश्वरी ने कहा कि कोटा जैसा माहौल रहने खाने पीने का किसी और शहर में नहीं है। यहां पर आराम से रात में भी घूमा जा सकता है। डॉ.अशोक शारदा ने कहा कि में अभी सीकर जाकर आया था मेने वहां पर बच्चों से बात की अगर तुलना की जाये तो हर तरह से कोटा कोचिंग के लिये बहुत ही बेहतरीन स्थान है।

## 'समस्या समाधान की मंशा से कार्य करें अधिकारी'

**कोटा,** (निसं)। जिला परिषद सभागार में मंगलवार को आयोजित सामान्य बैठक में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल की अध्यक्षता में विभिन्न बुनियादी समस्याओं पर गहन मंथन किया गया। बैठक में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, और चिकित्सा जैसी मुख्य आवश्यकताओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए गंभीरता दिखाई। सड़क निर्माण और किसानों के हित संरक्षण पर चर्चा सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के दौरान किसानों के खेतों से मिट्टी न ली जाए और सड़क किनारे खोदे गए गड्ढों से होने वाले किसानों के नुकसान पर भी चर्चा की गई। बैठक में निर्देश दिए कि विभाग सुनिश्चित करे कि सड़क निर्माण के दौरान किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, सड़क निर्माण में काली मिट्टी का उपयोग न करने की सलाह दी गई ताकि सड़क की गुणवत्ता बनाए रखी जा सकें। उप जिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर ने विशेष रूप से कहा कि कृषकों के हितों को प्राथमिकता दी जाए और सड़क निर्माण में किसानों का नुकसान न हो।

■ कृषकों की समस्याओं और बुनियादी सेवाओं पर जोर दिया

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि निर्माण के दौरान तकनीकी विशेषताओं जैसे पुलिया की ऊंचाई, मिट्टी के प्रकार आदि की पूरी तरह से जांच हो। साथ ही, सड़क से अतिक्रमण हटाने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए भी निर्देश दिए गए।

कृषि विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को सही समय पर यूरिया उपलब्ध हो एवं उनका उचित मार्गदर्शन किया जाए। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के लिए बनाए जाने वाले पोंड के कारण प्रवासी पक्षियों पर भी प्रभाव पड़ता है इसके लिए विशेषज्ञों की टीम बनाकर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।

बैठक में विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसानों से ठेकेदारों किसी तरह के पैसे की मांग न करे और उनके खेतों में ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोल बिना परेशानी के स्थापित किए जाएं। ट्रांसफार्मर की संख्या और मांग के बैकअप की जानकारी भी ली गई और आवश्यकता पड़ने पर निर्धारित समय के भीतर ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिए गए।

**ग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट और पेयजल व्यवस्था में सुधार पर जोर:-** ग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की सुविधा को मजबूत करने के निर्देश दिए गए ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विधायक कल्पना देवी ने जल जीवन मिशन के तहत केबलनगर और कसार क्षेत्रों में पानी की कम सप्लाई एवं दबाव की समस्या पर चिंता व्यक्त की और विभाग को जल सप्लाई के समय निश्चित इलाके में जाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही, सिमलिया में जल भराव की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के लिए पाबंद किया गया।

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने चिकित्सा विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी को विधायक कोष से मिली एंबुलेंस के सुचारू उपयोग के लिए ड्राईवर की नियुक्ति की दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव सेवाओं और स्टाफ की कमी को लेकर भी चर्चा की गई, जिस पर डॉ. सोनी बताया कि राज्य स्तर से भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से जल्द ही समाधान किया जाएगा।

शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शिक्षा परिसरों की 200 मीटर परिधि में किसी भी प्रकार की नशीले पदार्थ वितरण की दुकान न हो, ताकि छात्र सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकें। बैठक में नरेगा के अंतर्गत हो रहे कार्यों का अनुमोदन किया गया और अधिकारियों को समय पर इन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सिमलिया में जलभराव की समस्या का मौके पर निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश भी दिए गऐं। बैठक में सभी विभागों और अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और निष्पक्ष रूप से समाधान के लिए कार्य करें। अंत में, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

बैठक में इटावा विधायक चेतन पटेल, जिला परिषद सदस्य, जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कुमार चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हर्षित वर्मा एवं मजहर इमाम उपस्थित रहे।

## राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती पर परिचय सम्मेलन आठ को

**कोटा,** (निसं)। हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान (सभा), कोटा की ओर से राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती व बालिका छात्रावास उद्घाटन समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 नवम्बर 2024, शुक्रवार को कलाल समाज बालिका छात्रावास, विनोबा भावे नगर, कोटा में आयोजित किया जा रहा है।

हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान (सभा) के अध्यक्ष राहुल पारेता ने बताया कि राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मदन लाल जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय जायसवाल (सर्व) महासभा होंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान विशाल कलशयात्रा का आयोजन प्रात: 10.30 बजे रामजानकी मंदिर केशपुरा से किया जाएगा, जिसमें समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल होंगी।

राहुल पारेता ने बताया कि कलशयात्रा विनोबा भावे नगर स्थिति छात्रावास स्थल पर पहुंचेगी। इससे पूर्व कलशयात्रा का जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस दौरान घोडी, बग्गी और झांकियां आकर्षण का केन्द्र होगी। इससे पूर्व प्रात: 8 बजे सहस्त्रबाहु सर्किल, नान्ता तिराहा पर सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। दोपहर एक बजे कलाल समाज बालिका छात्रावास उद्घाटन समारोह विनोबा भावे नगर में होगा।

दोपहर 2 बजे भामाशाह सम्मान समारोह होगा, जिसमें समाज के भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। दोपहर 3 बजे युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शाम को 7.30 बजे दीपदान का कार्यक्रम होगा।

## मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

**छबड़ा** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में सोमवार को दीपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र कुमार शर्मा जिला सचिव रहे तथा अध्यक्षता अशोक कुमार भार्गव व्याख्याता द्वारा की गई। यहां 10वीं बोर्ड में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले भैया-बहिनों का सम्मान किया गया। पूर्व छात्र परिषद के संयोजक रवि गुप्ता एवं प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने बताया कि मुख्य वक्ता शर्मा ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के बाद सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षा संस्थान है, जो संपूर्ण देश भर में देशभक्ति एवं सनातन संस्कृति की शिक्षा देकर भावी पीढ़ी का निर्माण कर रही है। संस्थान से निकलने वाले छात्र समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपने दायित्व का निर्माण करते हुए समाज हित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती विद्यालय की शिक्षा व संस्कार भावी जीवन के लिए नींव है। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर सामाजिक परिवर्तन के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य स्व का बोध स्वयं के परिवार से प्रारंभ करने का आग्रह किया।

## भर्ती की तिथि बढ़ाने एवं अनुभव में संशोधन की मांग को लेकर प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारी भर्ती की तिथि बढ़ाने एवं अनुभव में संशोधन की मांग को लेकर जयपुर स्वास्थ्य शासन भवन डीएलपी पर प्रदर्शन कर घेराव किया।

वाल्मीकि समाज के युवा नेता विकास नरवार ने बताया कि वाल्मीकि समाज भर्ती की तिथि बढाई जानी चाहिए ताकी हर वंचित को मौका मिल सकें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अनुभव प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है। इसमें सरलता व संशोधन किया जाना चाहिए।

विकास नरवार ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान प्रदेश के समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

इसके साथ ही मनोज चांवरिया, सरपंच पंच कमेट अध्यक्ष राजकुमार सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

कोटा से भी बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

## 'बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला' कला एवं कौशल संवर्धन का मंच बनें : जिला कलेक्टर

**बूंदी** (निसं)। बूंदी महोत्सव-2024 के तहत बूंदी के कुंभा स्टेडियम में 19 से 28 नवंबर तक बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले का आयोजन होगा। मेला आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की मंगलवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बूंदी महोत्सव के तहत आयोजित बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला कला एवं कौशल संवर्धन का मंच बने। इस मंच पर प्रदेश एवं अन्य प्रांतों के दस्तकार व शिल्पकार अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर सके। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। मेले में आने वाले दस्तकारों एवं शिल्पकारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला स्थल की अच्छे से सफाई करवाई जावे। चिकित्सा विभाग द्वारा लगाई जाने वाली मेडिकल स्टॉल पर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध रहे।



जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले के आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि मेला आयोजन स्थल कुंभा स्टेडियम पर सुविधाएं रखी जावे। मेले के दौरान परिसर की नियमित सफाई हेतु स्टाफ लगाया जावे। साथ ही मेला समाप्ति तक फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रखी जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में प्लास्टिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रखा जावे। साथ ही बूंदी महोत्सव के अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला स्थल पर पार्किंग व्यवस्था रहे। साथ ही सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी के इंतजाम रहे।

उन्होंने निर्देश दिए कि मेला स्थल की चिकित्सा, उद्योग, पर्यटन व नगर परिषद द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी जाए। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन में संदेश प्रसारित किए जाएं।

**शिल्पग्राम में दिखे ग्रामीण परिवेश की झलक:-** जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले में स्थापित किए जाने वाले शिल्पग्राम में ग्रामीण परिवेश की झलक दिखे। इसके अनुरूप ही शिल्पग्राम तैयार किया जावे। ग्रामीण अंचल की सभी झलकियां शिल्पग्राम में आमजन एवं पर्यटकों को देखने को मिले। इसके अलावा मेला मंच पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में टैलेंट शो का आयोजन करवाया जावे। बैठक में पुलिस उपअधीक्षक बाबूलाल, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी, इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, संस्कृति संस्था अध्यक्ष शालिनी विजय, आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### तेजाजी महाराज की लीला का शुभारंभ



**रावतभाटा,** (निसं)। वीर तेजाजी महाराज की 6 दिवसीय लीला का शुभारंभ। तेजाजी कमेटी के फोरूलाल राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि बोराव के मालीपुर में सोमवार से 6 दिवसीय वीर तेजाजी के मारवाड़ी खेल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद जाट एवं विशिष्ट अतिथि बालकिशन गुलाटी ने फीता काटकर किया। मारवाड़ी खेल का कार्यक्रम 6 दिन तक चलेगा, इस दौरान सत्यनारायण धाकड, रामलाल राव, कार्तिक तोमर, रमेश कुमार, जमनालाल, सुरेश कुमार, रतनलाल, सुरेश गुर्जर एवं मालीपुर गांव के ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

### दीपावली की रामा-श्यामी की

**अंता** (निसं)। दीपावली महापर्व को लेकर अंता मांगरोल विधानसभा विधायक डॉ कंवरलाल मीणा ने अंता कस्बे में पहुंच कर कार्यकर्ताओं के साथ कस्बे वासियों से रामा श्यामी की, साथ ही सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। रामा श्यामी के दौरान कस्बे में लोगों द्वारा विधायक डॉ कंवरलाल मीणा का जगह-जगह पर साफाबंदी के साथ मुंह मीठा करा कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक डॉ कंवरलाल मीणा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी विधानसभा के लोगो के प्रति हमेशा तत्पर रहते हैं। और जो भी समस्या हो वह बेझिझक कार्यालय पर पहुंच कर अवगत कराए निश्चित तौर पर उस समस्या का समाधान होगा। विधायक डा कंवरलाल मीणा के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दलाल सुमन, जिला उपाध्यक्ष दिलीप शर्मा काचरी, देहात मंडल अध्यक्ष राहुल नागर, प्रधान प्रखर कौशल,अंता नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल, गोविन्द शर्मा, सतीश नागर, सुरेंद्र नागर, पार्षद रामराज बागड़ी, सरपंच राजसिंह चौधरी, धनराज चौरसिया, महेश पंवार, राधेश्याम सिंगोदिया, मनोज मीणा पलसावा, मोहित कालरा, भारत गालव, नंदकिशोर नायक, कीर्ति मालव, निर्मल श्रृंगी, घनश्याम मारन, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा चेतन नागर, हरि गुर्जर, ओम चौरसिया, क्षेमेंद्र मिश्रा, अशोक दाधीच, सरपंच जोधराज मीणा, हरिओम बंजारा, ब्रजेश दाधीच, प्रवीण गालव, महावीर नागर मौजूद रहे।

### विधायक से मिले थर्मल कर्मी

**छबड़ा** (निसं)। निजीकरण के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के सातवे दिन थर्मल कर्मियों ने विधायक प्रताप सिंह सिंघवी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया और अपनी पीडा बताई। थर्मल कर्मियों ने विधायक सिंघवी को निजीकरण से होने वाले नुकसान को बताया। निजीकरण से आम जनता को, युवाओं को, किसानों को, छबडा के मजदूरों ओर थर्मल कर्मियों का भविष्य अंधकारमय होने वाला है। ज्वाइंट वेंचर रुपी निजीकरण से आने वाले समय में बिजली जैसी अति आवश्यकता सेवा में कंपनी की मनमानी होने लगेगी, जिससे बिजली महंगी होगी। थर्मल में चल रहे विरोध प्रदर्शन का सरकार पर अभी तक कोई खास फर्क नहीं पडा रहा है, परंतु अगर इस विरोध प्रदर्शन से बिजली उत्पादन व्यवस्था चरमराई तो कौन जिम्मेदार होगा। सरकार को समझना होगा कि अपनी संपत्ति को किसी निजी हाथों में देना समस्या का समाधान नहीं है। इस तरह के निजीकरण से थर्मल का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। बिजली विभाग में नौकरी की आस लगाए बैठे राजस्थान के युवा आने वाले समय में रोजगार के लिए भटकते रहेंगे। विधायक सिंघवी ने आश्वाशन दिया कि वो सरकार से बात करेंगे और यथा संभव प्रयास करेंगे कि थर्मल कर्मियों का ओर आम जनता का नुकसान न हों।

### जागरुकता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का राजस्थान परमाणु बिजलीघर, भारी पानी सयंत्र रावतभाटा में मंगलवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय रावतभाटा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अखंडता की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं को भ्रष्टाचार के बारे में जागरूक रहने के बारे में बताया गया। सोशल मीडिया में चलचित्रों के माध्यम से जागरूकता के बारे बताया। इस बार की सतर्कता जागरूकता की थीम "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" को ध्यान में रखकर आने वाली नई पीढ़ी को जागरूक रहकर देश को उन्नति के पथ पर ले जाना है। कमांडेंट विवेक आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पीढी और आने वाली नई पीढी जब ईमानदारी और लगन से काम करेगी तो देश उन्नति की कदम बढाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारीगण एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के सारथल में भाजपा कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन समारोह मंगलवार दोपहर आयोजित हुआ।इस दौरान विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने आम कार्यकर्ताओं को एकजुटता से आमजन की समस्याओं को हल करने हेतु जुटने का आव्हान किया। सिंघवी ने कहा कि सक्रिय सदस्य समस्या उन्हें बताएं वह उसका हल करने का भरसक प्रयास करेंगे।इस दौरान प्रधान नरेश मीणा, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल गांगटी, रामबिलास कालाटोल,महिला मोर्चा की ललिता लोधा, प्रेमचंद भानपुरा,मयंक गोत्तम मोखमपुरा, हरगोविंद गुर्जर, लीलाधर शर्मा,चंदू ठेकेदार ढोलम, चंचल शर्मा,पूर्व प्रधान उदालाल मीणा, पूर्व सरपंच अशोक गुप्ता समेत सैकडों सदस्य मोजूद रहे। मंच संचालन राजसिंह फोजदार ने किया।

### ग्राम पंचायत गोलाना में जनसुनवाई कल

**झालावाड़** (निसं)। त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके निस्तारण के लिए माह के प्रथम गुरूवार, 7 नवम्बर को प्रात: 11 बजे पंचायत समिति खानपुर की ग्राम पंचायत गोलाना में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत बनेठ व हेमड़ा भी जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से जुड़ेंगी। जनसुनवाई की मॉनिटरिंग वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय से की जाएगी। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी, संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं विकास अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा-भूलोन रेलवे स्टेशन के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। बापचा पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बापचा पुलिस के अनुसार अज्ञात व्यक्ति का शव छबडा व भूलोन रेल्वे स्टेशन के बीच डाउन ट्रैक लाइन विद्युत पोल 133/10 के पास पडा हुआ था। जो बीती रात्रि में ट्रेन से गिरना प्रतीत हो रहा है। मृतक व्यक्ति की उम्र लगभग 50-55 वर्श दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने मृतक के षव को कब्जे में लेकर छबडा सीएचसी में रखवा दिया हैं। प्रथम दृष्टया अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु ट्रेन से गिरने से होना प्रतीत हो रहा हैं।

### प्रोत्साहन राशि प्रदान की

**छबड़ा** (निसं)। दीपावली पर्व पर शानदार सजावट एवं स्वच्छता मानकों के आधार पर कमेटी द्वारा आदर्श विद्या मंदिर (ग्यारह हजार रुपये) को प्रथम, धरनावदा चौराहा स्थित विजय ज्वैलर्स व पालीवाल नगर स्थित सोनू जेठवानी के मकान को संयुक्त रूप से द्वितीय (पांच हजार सौ रुपए) तथा ईदगाह चौराहा पर स्थित धन्नालाल पनवाल के मकान को तृतीय स्थान दिया गया था, जिन्हे मंगलवार को पुरूस्कार राशि सौंपकर सम्मानि किया गया। यह जानकारी एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने दी हैं।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**झालावाड़** (निसं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बुधवार, 6 नवम्बर को दोपहर दो बजे मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश चन्द मीणा ने दी।